राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

शहर की वास्तु संस्कृति के संरक्षण और स्वच्छता के लिए सभी की भागीदारी का किया आह्वान

जयपुर स्थापना दिवस पर राज्यपाल की बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर, 18 नवंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने विश्व के सबसे सुनियोजित रूप में बसाए गए जयपुर शहर के स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल ने कहा कि जयपुर विश्वभर में भारतीय वास्तु संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि नगर–नियोजन के पुरोधा विद्याधर भट्टाचार्य ने विश्व विरासत में सम्मिलित जयपुर जैसा सुव्यवस्थित और आधुनिक नगर बसाया था। उन्होंने स्थापना दिवस पर शहर की वास्तु संस्कृति और सौंदर्य के साथ स्वच्छता के लिए सभी की भागीदारी का आह्वान किया है।